मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–8, अंक–2, अप्रैल 2008

किसी भी ट्रेड संबंधित जानकारी हेतु कृपया KAM टाइप कर 57333 पर एसएमएस करें।

## कामधेनु यूपीवीसी विंडोज़ एंड डोर्स के लिए एक अहम समझौता

कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने निर्माण क्षेत्र के लिए आवश्यक सामग्रियों का उत्पादन एवं आपूर्ति करने वाली देश की प्रमुख कंपनी बनने की ओर एक और मज़बूत कदम बढ़ाया है। कंपनी ने अपने नए उत्पाद "टफविंड" के साथ अपने उपभोक्ताओं के बीच आने का रास्ता साफ कर लिया है। हरियाणा के महत्वपूर्ण औद्योगिक क्षेत्र यमुनानगर में मेसर्स कालिंदी बिल्डिंग सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ कंपनी ने इस आशय के लिए एक अहम समझौता किया। इस मौके पर कामधेनु इस्पात लिमिटेड की ओर से कंपनी के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल, निदेशक श्री सुनील अग्रवाल एवं प्रेसिडेंट श्री पंकज अग्रवाल ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर मेसर्स कालिंदी बिल्डिंग सिस्टम्स प्रा. लि. की ओर से श्रीमती प्राची गर्ग एवं श्री पियूष भट्टाचार्य भी मौजूद थे।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल ने बताया कि "टफविंड" कामधेनु का एक ऐसा उत्पाद है जो विशेष गुणवत्ता वाली यूपीवीसी से निर्मित है। मेसर्स कालिंदी बिल्डिंग सिस्टम्स प्रा. लि. के साथ हुआ यह समझौता कंपनी की बहुआयामी रणनीति को एक नया मुकाम देने में कामयाब होगा। इस समय कालिंदी प्लांट की सालाना उत्पादन क्षमता लगभग पाँच लाख वर्गफीट है, जिसे जल्दी ही कई गुना बढ़ाने की उम्मीद है। इसके लिए कच्चा माल जर्मनी की कंपनी कौमरलिंग के ज़रिए मँगाया जा रहा है।

इस नए उत्पाद की मार्केटिंग पॉलिसी के बारे में जानकारी देते हुए कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने बताया कि कंपनी पहले चरण में दिल्ली सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र को टार्गेट करेगी और इसके साथ ही इन उत्पादों को डायरेक्ट मार्केटिंग के ज़रिए पूरे उत्तर भारत में उतारा जाएगा। भारत में यूपीवीसी उत्पादों का बाज़ार लगभग 2000 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष का है।

कंपनी ने अपने यूपीवीसी उत्पादों के लिए पहले वर्ष में 25 करोड़ रुपये का लक्ष्य निर्धारित किया है जिसे अगले दो वर्षों में बढ़ाकर 100–150 करोड़ रुपये किया जाएगा। यूपीवीसी यानी प्लास्टिक रहित पॉलीविनाइल क्लोराइड 21वीं सदी में निर्माण के क्षेत्र में एक नए बदलाव का संकेत देती है। पर्यावरण के लिए सुरक्षित एवं दीमक और सड़न जैसी परेशानियों से बचने के लिए यूपीवीसी से बने दरवाज़े–खिड़कियों को एक सुरक्षित विकल्प के रूप में अपनाया जा सकता है। आज यूपीवीसी को दुनिया भर में लकड़ी के विकल्प के रूप में अपनाया जाने लगा है। अब कामधेनु विंडोज एंड डोर्स आपके सपनों से सजे घर की खूबसूरती को लंबे समय तक कायम रखने के विशिष्ट गुणों से भरपूर है।




समझौते के दौरान कामधेनु इस्पात लिमिटेड के सीएमडी श्री सतीष अग्रवाल, निदेषक श्री सुनील अग्रवाल, प्रेसिडेंट श्री पंकज अग्रवाल एवं मेसर्स कालिंदी बिल्डिंग सिस्टम्स प्रा. लि. की ओर से श्रीमती प्राची गर्ग तथा श्री पियूश भट्टाचार्य

आग, पानी और दीमक के खतरों से सुरक्षित यूपीवीसी से बने दरवाजों एवं खिड़कियों पर न तो मौसम के बदलाव का असर होता है और ना ही चोर–उचक्कों का खतरा रहता है। साथ ही इसकी सीलिंग, लॉकिंग आदि तकनीक और बग स्क्रीन जैसी खूबियाँ इसे और भी ख़ास बनाती है। इसकी खूबसूरती और डिज़ाइन जहाँ बिल्डरों एवं आर्किटेक्टों को अपनी ओर आकर्षित करेगी वहीं टिकाऊ और सुरक्षित होने के कारण उपभोक्ताओं के बीच लोकप्रिय भी होगी।

यूपीवीसी का नाम जुड़ जाने के बाद कंपनी की पहचान उपभोक्ताओं के बीच और भी मजबूत होगी। साथ ही ज़्यादा से ज़्यादा लोगों तक इन उत्पादों की पहुँच कायम हो जाएगी।

# मोगा में हुआ लोहार–मिस्त्री सम्मेलन




लोहार–मिस्त्री सम्मेलन के दौरान कामधेनु इस्पात लि. के महाप्रबंधक श्री वी.के. गहलोत डीलरों को सम्मानित करते हुए

पंजाब के मोगा क्षेत्र में कामधेनु इस्पात लिमिटेड की ओर से लोहार–मिस्त्री सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में मोगा के आसपास के 350 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया, जिसमें ज़्यादातर वहाँ के राजमिस्त्री एवं लोहार थे। कामधेनु की साख़ पंजाब के कोने–कोने में कायम है, जिसका एक नज़ारा यहाँ भी देखने को मिला।

इस अवसर पर कामधेनु इस्पात लि. के महाप्रबंधक श्री वी.के. गहलोत मौजूद थे। श्री वी.के. गहलोत ने सम्मेलन में आए लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि कंपनी टीएमटी के साथ–साथ स्ट्रक्चरल स्टील, बाइंडिंग वायर एवं प्लाइवुड के क्षेत्र में कदम रख चुकी है। कामधेनु पेंट के रूप में कंपनी का नया उत्पाद जल्द ही उपभोक्ताओं के सामने होगा।

उन्होंने कहा कि आज कामधेनु के पास लगभग 2500 डीलरों और डिस्ट्रीब्यूटरों का विशाल नेटवर्क है। कामधेनु ने हमेशा क्वालिटी पर विशेष ध्यान दिया है। अपनी विशिष्ट गुणवत्ता की वजह से ही आज कामधेनु सम्पूर्ण भारतवर्ष में अपनी विशेष पहचान कायम करने में सफल हुआ है। इस अवसर पर श्री राजीव माथुर ने भी कंपनी और इसके उत्पादों की विशेषताओं के बारे में लोगों को जानकारी दी।

इस सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन मोगा में कंपनी के पुराने डीलर एवं सहयोगी मेसर्स गोयल आयरन स्टोर के सक्रिय सहयोग से किया गया। इस समारोह में कामधेनु के पंजाब के वितरक श्री दिनेश राठी भी मौजूद थे।

# जम्मू–कश्मीर हाइवे प्रोजेक्ट भी कामधेनु की झोली में

कामधेनु इस्पात लिमिटेड को जम्मू–कश्मीर में पठानकोट–जम्मू राजमार्ग को चार लेनों में बदलन के कार्य हेतु आवश्यक टीएमटी बार की आपूर्ति के लिए एक बड़ा ऑर्डर मिला है। यह ऑर्डर कंपनी को राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्य में संलग्न डब्ल्यू वेंकटाराव इंफ्राप्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से दिया गया है। ऑर्डर में दी गई शर्तों के अनुसार कामधेनु इस्पात लिमिटेड को आईएस 1786–1985 एफई–415 ग्रेड के मानकों के अनुसार टीएमटी बार की आपूर्ति करनी है।

कंपनी के उत्कृष्ट गुणवत्ता वाले उत्पादों की दिनों–दिन बढ़ती साख ने देश के इंफ्रास्ट्रक्चर एवं निर्माण क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों को अपनी ओर आकर्षित किया है। अन्तर्राष्ट्रीय मानकों पर एकदम खरी कामधेनु टीएमटी के लिए यह बड़े ही गौरव की बात है।



जम्मू–कश्मीर में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के उत्पादों की विशेष साख बनी हुई है। उपभोक्ताओं ने तो इन्हें हाथों–हाथ लिया ही है, साथ ही प्रदेश के जाने–माने बिल्डर एवं कॉन्ट्रेक्टर इनकी बेहतरीन गुणवत्ता के कायल हैं। इस महत्वपूर्ण ऑर्डर ने जम्मू–कश्मीर के साथ–साथ देश के अन्य राज्यों की इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनियों को भी कामधेनु के उत्पादों पर पूरा भरोसा करने के लिए प्रेरित किया है। साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र के लिए आवश्यक अन्य उत्पादों की आपूर्ति के लिए कंपनी की साख़ और मज़बूत हुई है।

# उदयपुर-भरतपुर में कामधेनु प्लाईवुड का शुभारम्भ

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के नए उत्पाद कामधेनु प्लाइवुड को राजस्थान के भरतपुर जिले के उपभोक्ताओं के बीच 12 अप्रैल को पेश किया गया। इस आशय के लिए आयोजित समारोह का शुभारम्भ कम्पनी के एजीएम श्री एच.एन. मोदी ने रिबन काटकर किया। कामधेनु प्लाईवुड के लिए लोगों की उत्सुकता को देखते हुए श्री मोदी ने पहले तो इसकी खूबियों के बारे में लोगों को बताया। फिर उन्होंने कंपनी के अन्य उत्पादों से भी उन्हें अवगत कराया। इस आयोजन को सफल बनाने में कंपनी के डीलर सिंघल हार्डवेयर एंड प्लाईवुड ने भरपूर सहयोग दिया।



सलासर प्लाइवुड के श्री रघुवीर गुप्ता कामधेनु इस्पात लिमिटेड के एजीएम श्री एच.एन. मोदी को सम्मानित करते हुए, साथ में सिंघल हार्डवेयर एंड प्लाईवुड के श्री सोहन लाल सिंघल



रिबन काटकर समारोह का उद्घाटन करते हुए एजीएम श्री एच.एन. मोदी, डिस्ट्रीब्यूटर श्री असीत कोठारी, तथा श्री यशवंत जी

इसी तरह का एक आयोजन राजस्थान के उदयपुर में भी हुआ, जहाँ श्री एच.एन. मोदी ने रिबन काटकर समारोह का आगाज़ किया। समारोह का आयोजन कामधेनु प्लाईवुड के डिस्ट्रीब्यूटर मेसर्स नवकार ट्रेडिंग कंपनी उदयपुर के श्री असीत कोठारी के सहयोग से सफलतापूर्वक किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों लोगों ने कामधेनु इस्पात लिमिटेड को इस नयी पहल के लिए ढ़ेरों शुभकामनाएँ दी। साथ ही कामधेनु प्लाईवुड सहित कंपनी के अन्य उत्पादों पर भी अपना पूरा भरोसा जताया।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के लिए राजस्थान की अहमियत इसलिए भी खास है कि कंपनी ने डेढ़ दशक पहले यहीं से अपने सफ़र की शुरुआत की थी। आज भले ही देश के कोने–कोने तक इसकी पहुँच है, लेकिन राजस्थान के उपभोक्ताओं के लिए तो यह अपने घर की सामग्री को घर में इस्तेमाल करने जैसा है। ऐसे में राजस्थान के उपभोक्ताओं का समर्थन कंपनी के लिए एक संजीवनी के समान है।

# महँगाई मार गयी



संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन यानी यूपीए की सरकार जब सत्ता में आयी थी तो उस समय देश के राजनीतिक माहौल ने एकदम से पलटा खाया था। जनता ने पूँजीपतियों की तथाकथित रहनुमाई करने वाली राजग सरकार को नकारकर आम आदमी के लिए काम करने का भरोसा दिलाने वाली सरकार को चुना था। आज आलम यह है कि कमरतोड़ महँगाई ने आम आदमी की तरफदारी करने वाली यूपीए सरकार की कलई खोलकर रख दी है। और तो और, सरकार को बाहर से समर्थन देने वाले वामदल भी अपने लिए नया रास्ता ढूँढ़ने में लगे हैं।

आटे–दाल–चावल के भाव ने हर किसी को परेशान कर रखा है। सरकार पर मुद्रास्फीति को नियंत्रित रखने का दबाव है। आज की तारीख में मुद्रास्फीति सात अंक के पार पहुँच चुकी है। कहने वाले तो यह भी कहते हैं कि यह बदलाव एकदम से नहीं आया है। दरअसल, यह आँकड़ों की बाज़ीगरी का कमाल है। अमेरिका और यूरोप के खाद्यान्न संकट और वहाँ की आर्थिक मंदी पर चर्चा गरम है। कहते हैं कि इसका असर भारत पर भी जरूर पड़ेगा। उपभोक्ता वस्तुओं जैसे सोने–चांदी, कच्चा तेल, और यहाँ तक कि सजिब्यों ने किसी को नहीं छोड़ा है। कालाबाज़ारी और जमाखोरी तो जैसे आम बात हो गयी है। अनुमान लगाया जा रहा है कि इस बार मानसून अच्छा होगा और तब सरकार की नैया पार लग जाएगी। लेकिन हक़ीकत यही है कि अगर महँगाई पर जल्दी ही काबू नहीं पाया गया तो आम जनता कछ भी सुनने को तैयार नहीं होगी।

# कामधेनु के डीलरों का "ए ट्रिप टू सिंगापुर"



कोलंबो में सैर के दौरान डीलरों–डिस्ट्रीब्यूटरों का समूह

अपने बेहतरीन प्रदर्शन से कामधेनु इस्पात लिमिटेड की साख को चार चाँद लगाने वाली राजस्थान में कामधेनु की सहयोगी इकाई रघुवीर मैटल इन्डस्ट्रीज़ प्राइवेट लिमिटेड, अजमेर के सौजन्य से कुछ चुनिंदा डीलरों–डिस्ट्रीब्यूटरों के एक समूह एवं रघुवीर मैटल के निदेशक श्री अनिल पोखरना व श्री प्रदीप अग्रवाल को सिंगापुर, मलेशिया और कोलंबो की 6 दिन की सैर का आनंद उठाने का शानदार अवसर प्राप्त हुआ। सैर के दौरान सभी ने इन स्थानों के प्राकृतिक सौंदर्य का जी भर कर नजारा किया और साथ ही वहाँ के रेस्तरों में भारतीय व्यंजनों का लुत्फ भी उठाया।

यात्रा के पहले दिन सभी लोग अपराहन् तीन बजे सिंगापुर पहुँचे। भोजन के बाद थोड़ा आराम किया और निकल पड़े नाइट सफारी का आनंद लेने। इन्हें सिंगापुर के फुराया सिटी सेंटर होटल में ठहराया गया। अगले दिन नाश्ते के बाद सभी ने शहर के कई खूबसूरत स्थानों का नजारा किया। ऊँचे–ऊँचे भवन, आलीशान इमारतें और खूबसूरत सड़कें। सेन्टोसा आइलैंड, अंडरवाटर वर्ल्ड की सैर का रोमांच वाकई कभी न भुलाया जाने वाला अनुभव था।

दिनभर की सैर के बाद सभी सिंगापुर की खूबसूरती की चर्चा में मशगूल रहे। तीसरे दिन सिंगापुर से क्वालालम्पुर के लिए रवाना हुए। वहाँ होटल क्राउन प्रिंसेस में सभी के ठहरने का इंतज़ाम था। सफर के अलगे चरण में दोपहर के बाद बाटू गुफाओं से होकर गेन्टिंग की ओर रवाना हो गए। चौथे दिन का पड़ाव था वहाँ का होटल फर्स्ट वर्ल्ड सुपर डीलक्स। पाँचवें दिन क्वालालम्पुर हवाई अड्डे से कोलंबो की उड़ान भरनी थी। कोलंबो पहुँचकर सभी ने पहले तो शहर की खूबसूरती का आनंद लिया। फिर अपनी–अपनी पसंद के अनुसार सभी ने शॉपिंग की।

यात्रा के छठे दिन सभी वापसी की तैयारी में लगे रहे। कंपनी के प्रति अपनी कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन करने वाले इन डीलरों–डिस्ट्रीब्यूटरों की यह सैर अन्य लोगों के लिए भी उत्साहवर्धन का काम करेगी, ताकि आगे इस तरह के अवसर उन्हें भी हासिल हो सकें।

# जल्द ही उपलब्ध होगा कामधेनु पेन्ट्स

कामधेनु इस्पात लिमिटेड स्टील व प्लाईवुड वर्ग में अपना सिक्का जमाने के बाद अब उतर रही है पेन्ट्स के क्षेत्र में। इस क्षेत्र में अपने उत्पाद बाज़ार में लाने हेतु सबसे पहले देश के उत्तरी भागों को टार्गेट किया गया है। मार्केटिंग टीम ने देश भर में क्लीयरिंग एंड फॉरवर्डिंग एजेंटों, वितरकों तथा डीलरों की नियुक्ति करते हुए बाज़ार पर पकड़ बनानी शुरु कर दी है। वर्तमान परिदृश्य पर चर्चा करते हुए कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सौरव अग्रवाल ने कहा कि अभी प्रारम्भिक चरण में देश के उत्तरी भागों से शुरुआत करते हुए जल्द ही हम पश्चिमी और पूर्वी इलाकों में भी अपना दायरा बढ़ाएँगे। गुणवत्ता व ग्राहक संतुष्टि हमारा मूल ध्येय रहेगा तथा हमारे उत्पाद सम्पूर्ण देश में हर वर्ग के लोग प्रयोग में ला सकेंगे।



राजस्थान के अल्वर जिले में चौपाँकी, भिवाड़ी में स्थित "पेन्ट प्लान्ट" लगभग 12,000 मिट्रिक टन सूखा पाउडर पेन्ट तथा 24,000 कि.ली. लिक्विड पेन्ट सालाना उत्पादन की क्षमता रखता है। अपने पहले चरण में कम्पनी टेक्सचर व डिज़ाइनर फिनिशिज़ के साथ साथ बाहरी व अन्दरूनी एमल्शन, सीमेंट पेन्ट, वॉटर बेस्ड प्राइमर्स, ऐक्राइलिक डिस्टेम्पर्स, सिन्थेटिक व जीपी एनेमल, वुड फिनिशिज़, एल्यूमिनियम पेन्ट्स का निर्माण करेगी।

## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

श्री राजीव गर्ग
जी. जी. ट्रेडर्स,
नरेला
दिल्ली
दूरभाष– 09350331509

श्री आर. डी. कुश्वाह
आर. के. एन्टरप्राइसेज
पीलीभीत रोड, खटीमा
उत्तराखंड
दूरभाष– 05943–250738
09412383599

Printed at Mehta Offset Pvt. Ltd., A-16 (East), Naraina-II, New Delhi

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13-I.P.Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13- I.P.Extn., Delhi 110092, Tel: 011-22781140-41, 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com